देवा (DEWA) द्वारा 25 दिसंबर, 2025 (बृहस्पतिवार) को देवा फैमिली गेट-टूगेदर (DEWA Family Get-Together) का सफल आयोजन किया गया

जय संत गाडगे ,

(१) प्रत्येक वर्ष की तरह, इस वर्ष भी देवा/DEWA (Dhobi Employees Welfare Association) द्वारा 25 दिसंबर, 2025 (बृहस्पतिवार) को 'देवा फैमिली गेट-टूगेदर समारोह' का आयोजन, प्रातः 10.30 बजे से लोधी गार्डेन मे(लोधी टॉम्ब के पास) , लोधी रोड (मौसम विभाग/भवन के opposite), नई दिल्ली मे किया गया !

(२) 25 दिसंबर2025 को धूप0अच्छी होने के कारण, देवा (DEWA) एवं समाज के सम्मानित सदस्यगन अपने परिवारों के साथ 10.30 बजे से लोधी गार्डन पहुंचना आरंभ कर दियेथे।जिन परिवार मे शादी योग्य सुपुत्र / सुपुत्री हैं, वे अपने उन बच्चों को साथ ले आये थे।

(३) इसके अतिरिक्त, जिन परिवार के विद्यार्थी- 10 वीं एवं 12वीं कक्षा में वर्ष 2025 की परीक्षा में 70 % व अधिक मार्कस लाये थे, कुछ परिवार जन उन्हे भी लेकर आये थे और अपने बच्चों की मार्कशीट की फोटोकापी भी ,देवा पदाधिकारी के पास जमा भी कर दिये, जिससे उन मेधावी विधार्थीगन को , DEWA द्वारा सम्मानित किया जा सके।

(४) समारोह लगभग 12 बजे प्रारंभ किया गया। सभी सदस्यों को अपने परिवार के सदस्यों सहित बैठने का अनुरोध किया गया और समारोह का Agenda भी सबको वितरित किया गया।

(५) सर्व प्रथम श्री एस लाल साहब, अध्यक्ष - देवा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात श्री लाल साहब ने श्री लेखा राम दिवाकर जी, सेक्रेटरी जनरल- देवा से समारोह कि कार्यवाही को विधिवत शुरू करने का अनुरोध किया।

(६) श्री लेखा राम दिवाकर जी ने सभी सदस्यों को 'मेरि-क्रिसमस' एवं आने वाले 'नव वर्ष-2026 की शुभ कामनाएं दी।

इसके बाद प्रत्येक सदस्य से, अपने स्थान पर खड़े होकर, बारी बारी से अपना संछिपत् परिचय दिलाया गया। कुछ सदस्यगन (जो अपने शादी योग्य सुपुत्र / सुपुत्री के साथ पधारे थे) उन्होंने, अपने उन बच्चों का विशेष रुप से विस्तृत परिचय स्वयं कराया, जिससे उन्हें मन पसंद रिश्ते की चर्चा का लाभ प्राप्त हो सका ! ऐसे सदस्यों ने DEWA Matrimonial Form लेकर अपने शादी योग्य बच्चो का Biodata भर कर फोटो के साथ, देवा पदाधिकारी के पास जमा कराते गए।

(७)परिचय का कार्य समाप्त होने के बाद, संत गाडगे जी की जीवनी पर एक परीक्षा (प्रश्नपत्र /Questionaire वितरित कर) आयोजित की गयी ,जिसमे समाज के जो स्टूडेंट्स, 8 वर्ष से 16 वर्ष की आयु के विधार्थियों ने भाग लिया ।परीक्षा में प्रथम,दूतीय और तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले विधार्थी को क्रमशः ₹1100/- , ₹ 700/- और ₹ 500/- का Cash Prize दिया गया।

(८) *श्री मदन लाल जी, कल्चरल सेक्रेटरी एवं श्री अवरन सिंह जी, देवा कार्यकारिनी सदस्य द्वारा , समाज के बच्चो तथा महिलाओ (जो अपने परिवारों के साथ समारोह मे भाग लेने आये थे) के लिए विभिन्न खेल कूद की प्रतियोगिताएं का आयोजन कराया । खेलकूद प्रतियोगिताओ की विजेताओ (बच्चो एवं महिलाओं) को देवा (DEWA) के सम्मानित वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा - इनाम/prize का वितरण कराया गया।

(९) अपने समाज के 11 मेधावी छात्र/छात्रा, जिन्होंने 10 वीं एवं 12वीं कक्षा में वर्ष 2025 की परीक्षा में 70 % व अधिक मार्कस प्राप्त किये थे, उन्हें देवा (DEWA) द्वारा प्रशस्तिपत्र के साथ मेडल एवं prize (स्कूल बैग) प्रदान कर, सम्मानित किया गया। देवा का उद्देश्य है कि इससे समाज के अन्य बच्चों को प्रोत्साहन एवं प्रेरना मिले और वे अच्छे मार्कस लाने की कोशिश करें।

*(१०) समारोह के बीच में ही,सभी सदस्यों को लंच कराया गया। इस वर्ष सभी लोगों ने अनुशासन के साथ स्वादिष्ट भोजन ग्रहण किया तथा समारोह मे एक सभ्य, शिक्षित और अनुशाषित समाज का परिचय भी दिया।

समारोह में स्वादिष्ट एवं गरमा गर्म भोजन supply करने वाले अपने समाज के श्री मदन जी (संगम विहार निवासी) को देवा की ओर से धन्यवाद!

(११) जिन सदस्यों ने 25 दिसंबर, 2025 को DEWA की सदस्यता ग्रहण की उनका DEWA में हार्दिक स्वागत है और जिन सदस्यों ने देवा (DEWA) को Donation दिया है मैं उनका आभार प्रगट करता हूँ।

(१२) समारोह के सफल आयोजन का श्रेय मैं अपने देवा कार्यकारिनी के सभी सम्मानित सदस्यों को देना चाहूंगा, जिनके सहयोग से हमारा सबका उक्त समारोह अत्यंत सफलता के साथ दोपहर बाद 4.30 बजे संपन्न हुआ।

सादर,

लेखा राम दिवाकर ,

महा सचिव, देवा (DEWA) M. 9210862273